# हाल ही में आने वाले उन विद्यार्थियों के माता-पिता के लिए सूचना जिन्हें अंग्रेज़ी सीखने की ज़रूरत होती है

## अंग्रेज़ी भाषा के स्कूल एवं केन्द्र

Department of Education and Training विक्टोरियाई सरकारी स्कूलों में हाल ही में भर्ती हुए उन विद्यार्थियों के लिए अंग्रेज़ी भाषा के शिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है जिन्हें अंग्रेज़ी सीखने की ज़रूरत होती है। स्कूल जाने की आयु वाले विद्यार्थी नव आगमन कार्यक्रमों में भर्ती हो सकते हैं, जिनका संचालन या आयोजन अंग्रेज़ी भाषा के स्कूलों या केन्द्रों के माध्यम से किया जाता है।

ये कार्यक्रम विद्यार्थियों को अंग्रेज़ी भाषा की उन योग्यताओं को सीखाने पर केन्द्रित होते हैं जिनकी ज़रूरत उन्हें प्राईमरी या सेकेंडरी स्कूलों में पढ़ाई करने के लिए होती है।

अंग्रेज़ी भाषा के स्कूल और केन्द्र मेलबोर्न महानगरीय क्षेत्र में स्थित हैं। ये विद्यार्थियों को पूर्णकालिक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराते हैं। ये प्राईमरी और सेकेंडरी दोनों स्कूलों के कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों की आवश्यकताएँ पूरी करते हैं। अंग्रेज़ी भाषा के स्कूल प्रेप कक्षा से लेकर कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों की आवश्यकताएँ पूरी करते हैं। अंग्रेज़ी भाषा के केन्द्र मेलबोर्न क्षेत्र के मुख्य सेकेंडरी स्कूलों में स्थित हैं। अंग्रेज़ी भाषा के केन्द्र कक्षा 7 से कक्षा 10 के सेकेंडरी विद्यार्थियों की आवश्यकताएँ पूरी करते हैं।

अंग्रेज़ी भाषा के स्कूलों और केन्द्रों में:

- ऐसे टीचर होते हैं जिन्हें अंग्रेज़ी पढ़ाने में माहिर होती है
- कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या कम होती है और कक्षा में लगभग 13 विद्यार्थी होते हैं
- विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार पात्र विद्यार्थियों को ट्रेन और बस की यात्रा के पास उपलब्ध कराए जाते हैं।

कभी-कभी प्राईमरी स्कूल जाने की आयु वाले वे विद्यार्थी सप्ताह में चार दिनों तक के लिए किसी स्थानीय प्राईमरी स्कूल में अंग्रेज़ी भाषा की गहन कक्षाओं में भाग लेने में सक्षम होते हैं जो अंग्रेज़ी भाषा के किसी स्कूल या केन्द्र तक यात्रा नहीं कर सकते हैं। ये विद्यार्थी जब अंग्रेज़ी की गहन कक्षाओं में भाग नहीं ले रहे होते हैं तो वे अपने खुद के स्कूल के कार्यक्रम में भाग लेते हैं।

नव आगमन कार्यक्रम जिलॉन्ग (Geelong), शेपार्टन (Shepparton) और मिल्ड्यूरा (Mildura) में भी उपलब्ध कराए जाते हैं।

## कार्यक्रम के लिए कौन पात्र है?

- सभी ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने हाल ही में अंग्रेज़ी सीखनी शुरू की हो, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया आए 6 महीने से कम का समय हुआ हो, और जो परमानेंट रेज़ीडेंट (स्थायी निवासी) हों (प्रेप जाने वाली आयु वाले विद्यार्थियों के लिए 18 महीने से कम का समय)।
- कुछ ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने हाल ही में अंग्रेज़ी सीखनी शुरू की हो, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया आए 6 महीने से कम का समय हुआ हो, और जो टेम्परररी रेज़ीडेंट (अस्थायी निवासी) हों प्रेप जाने वाली आयु वाले विद्यार्थियों के लिए 18 महीने से कम का समय)।

हाल ही में आए ऐसे विद्यार्थी जिन्हें अंग्रेज़ी सीखने की ज़रूरत होती है, वे इन दिशा-निर्देशों को अलग रखकर पात्र हो सकते हैं। यह पता लगाने के लिए कि क्या आपकी संतान नव आगमन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पात्र है या नहीं – अपने स्थानीय अंग्रेज़ी भाषा के स्कूल या केन्द्र से संपर्क करें।

ध्यान दें: विक्टोरियाई सरकारी स्कूल में भर्ती होने के लिए यह ज़रूरी है कि आपकी संतान की आयु स्कूल जाना शुरू करने के साल की 30 अप्रैल तक कम से कम पांच साल हो। छ: से पंद्रह साल की आयु के बीच वाले बच्चों के लिए स्कूल जाना अथवा कोई अनुमोदित वैकल्पिक ट्यूशन कार्यक्रम प्राप्त करना अनिवार्य है। विद्यार्थी आम-तौर पर सेकेंडरी स्कूल जाना शुरू करने से पहले प्राईमरी स्कूल (प्रेप से लेकर कक्षा 6) में सात साल व्यतीत करते हैं।

## विद्यार्थी नव आगमन कार्यक्रम में नामांकन कैसे कराएँ?

विद्यार्थी किसी अंग्रेज़ी भाषा के स्कूल एवं केन्द्र में सीधे नामांकन करा सकते हैं, या उन्हें किसी अन्य सरकारी स्कूल द्वारा रेफर (निर्दिष्ट) किया जा सकता है।

## कार्यक्रम कितनी अवधि का है?

कार्यक्रम की अवधि आम-तौर पर लगभग छ: महीने (दो स्कूली टर्म) होती है। जिन विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय की ज़रूरत होती है वे 12 महीनों (चार स्कूली टर्मों) तक इसमें शामिल रह सकते हैं।

## कैसा पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता है?

अंग्रेज़ी भाषा के स्कूलों और केन्द्रों में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राईमरी एवं सेकेंडरी स्कूलों में आगे की पढ़ाई के लिए तैयार करना होता है। विद्यार्थियों को:

- गणित एवं विज्ञान जैसे विषय-क्षेत्रों के माध्यम से अंग्रेज़ी सीखाई जाती है, और पाठ्यक्रम मुख्य स्कूलों में कराए जाने वाली पढ़ाई पर आधारित होता है

- समुदाय के रहन-सहन करने के लिए ज़रूरी अंग्रेज़ी सीखाई जाती है

- अपने नए देश में बसने और एक नई स्कूली प्रणाली के बारे में सीखने में मदद दी जाती है

- उनकी स्कूली पढ़ाई में बाधा होने पर, या उन्हें पढ़ना व लिखना सीखने की आवश्यकता होने पर विशेष सहायता दी जाती है।

विद्यार्थियों को अपनी आयु और अंग्रेज़ी भाषा के अपने कौशल के अनुसार कक्षाओं में स्थान दिया जाता है।

अपने अंग्रेज़ी भाषा के स्कूल या केन्द्र के कार्यक्रम की समाप्ति पर, एक मुख्य स्कूल का चयन करने और नए स्कूल जाने में विद्यार्थियों की मदद की जाती है।

## विद्यार्थी कल्याण

अंग्रेज़ी भाषा के स्कूल और केन्द्र चिकित्सा एवं डेंटल सेवाओं जैसी विभिन्न प्रकार की सहायता सेवाओं तक पहुँच प्रदान करने में विद्यार्थियों की मदद कर सकते हैं।

## पारिवारिक सहायता

विक्टोरिया में स्कूली प्रणाली से सम्बन्धित सूचना सत्र अंग्रेज़ी भाषा के स्कूलों और केन्द्रों में उपलब्ध कराए जाते हैं। माता-पिता के पास अपनी संतान की प्रगति की चर्चा उसके टीचरों से करने का अवसर होगा, इसमें वे दुभाषियों की सहायता भी प्राप्त कर सकते हैं। यदि माता-पिता के कोई सवाल या उनकी कोई समस्याएँ हैं तो किसी भी समय अपने संतान के स्कूल से संपर्क करने हेतु माता-पिता का स्वागत है।

हाल ही में आने वाले विद्यार्थियों के लिए अंग्रेज़ी भाषा के कार्यक्रमों से सम्बन्धित और अधिक सूचना के लिए, अपने नजदीकी अंग्रेज़ी भाषा के स्कूल या केन्द्र या नव आगमन कार्यक्रम से संपर्क करें:

| | टेलीफोन नम्बर | पता | प्राईमरी (P) सेकेंडरी (S) |
|---|---|---|---|
| Blackburn English Language School | (03) 9803 4022 | 120 Eley Road, Burwood East 3151 | P, S |
| Collingwood English Language School | (03) 9419 7633 | 19 Cambridge Street, Collingwood 3066 | P, S |
| Noble Park English Language School | (03) 9546 9578 | 21–35 Thomas Street, Noble Park 3174 | P, S |
| Western English Language School | (03) 9311 9325 | 46 South Road, Braybrook 3019 | P, S |
| Hume Central English Language Centre | (03) 9302 6011 | 64–70 Blair Street, Broadmeadows | S |
| Brunswick English Language Centre | (03) 9383 6133 | 47 Dawson Street, Brunswick 3056 | S |
| Glen Eira English Language | (03) 9572 5877 | 76 Booran Road, Caulfield 3162 | S |
| Westall English Language Centre | (03) 9546 1732 | 88–128 Rosebank Avenue, Clayton South 3169 | S |
| Geelong English Language Program | (03) 5278 3548 | | P, S |
| Shepparton New Arrivals Programs | (03) 5822 2266 | | P, S |
| Mildura English Language Program | (03) 5051 1333 | | P, S |